https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 27/11/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-297/2024
27 नवंबर 2024
मोरहाबादी मैदान, रांची
===========

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी मैदान, रांची में 28 नवंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चल रही तैयारियों का आज निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में मंच निर्माण, साज सज्जा, विद्युत , ध्वनि तथा सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत -सत्कार एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल तक आवागमन और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए ,ताकि किसी भी स्तर की किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यहां पेयजल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

इस मौके पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार , प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, सचिव श्री अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त श्री वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। ###============ #Team PRD CMO